हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,9 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

13 वैश्य समाज ने परिवहन मंत्री को किया सम्मानित



14 पोस्टर व भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी सागर व रजत कुमार को प्रोडक्शंन वारंट पर गिरफ्तार किया है। गांव सीवन माजरा के रोबिन सिंह ने 14 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### कबूतरबाजी के मामले में महिला से पूछताछ

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को शामिल जांच किया है।मॉडल टाउन के भूपिंद्र सिंह ने 30 मई 2020 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी महिला व अन्य ने उसके पुत्र अतिंद्रपाल को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी राशि हड़प कर धोखाधड़ी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दुर्व्यहार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज महिला के अपहरण व दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला के पिता ने 18 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अप्रैल 2024 को उसकी 19 वर्षीय पुत्री बिना किसी को बतलाए घर से कहीं चली गई है। बाद में मामला अपहरण का निकला।

### यमुना नदी में डूबने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव ऊझा निवासी निशांत की उत्तर प्रदेश की ओर यमुना नदी के पानी में डूबने से मौत हो गई। निशांत अपने गांव के दोस्तों के साथ यमुना में नहाने गया था। नहाते वक्त निशांत गहने पानी में चलाया और डूबने लगा, वही, निशांत पर तैरना नहीं आता था, जब तक निशांत को बचाने के प्रयास किए गए तब तक वह पानी में लापता हो गया था। गोताखोरों की मदद से निशांत का शव तलाशा गया। इधर, यूपी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद निशांत का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

# बैशाख माह की अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने ब्रह्मसरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

## अमावस्या के अवसर पर ब्रह्मसरोवर में स्नान व पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बैशाख माह की अमावस्या पर धर्मनगरी में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र ब्रह्मसरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के चलते ब्रह्मसरोवर पर मेले जैसा नजारा बना रहा तो वहीं पुलिस के भी कड़े बंदोबस्त रहे।

- श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ पूजा अर्चना की

अल सुबह ही दूर-दराज से श्रद्धालु ब्रह्मसरोवर पर पहुंचने लगे थे। दोपहर तक स्नान व पूजा अर्चना का क्रम जारी रहा। अमावस्या के अवसर पर ब्रह्मसरोवर में स्नान व पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। बुधवार और अमावस्या का संयोग होना स्नान-दान के लिए शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा का कहना है कि बुधवार को पड़ने वाली इस अमावस्या पर पितरों की विशेष पूजा की जाए तो परिवार के रोग, शोक और दोष खत्म हो जाते हैं। वैशाख महीने की अमावस्या पर स्नान-दान करने से अक्षय फल मिलता है। सूर्योदय से लेकर अगले दिन सूर्योदय तक की अवधि में अमावस्या के दौरान स्नान-दान करने का खास महत्व है। साथ ही इस समय पितरों के लिए श्राद्ध करना चाहिए। जिससे पितृ पूरी तरह संतुष्ट हो जाते हैं।





कुरुक्षेत्र। अपने पितरो के नामित पिंडदान करवाते श्रद्धालु व ब्रह्मसरोवर में डुबकी लगाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### नदियों में स्नान का विशेष महत्व

अमावस्या के दिन दान करना सबसे अच्छा माना गया है। देव ऋषि व्यास ने ग्रंथों में कहा है कि इस तिथि में स्नान और दान करने से हजार गायों के दान का पुण्य फल मिलता है। नदियों में स्नान का विशेष महत्व होता है। ग्रंथों में लिखा है कि वैशाख महीने की अमावस्या पर जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाना चाहिए। साथ ही जलदान भी करना चाहिए। इससे स्वर्ण दान करने जितना पुण्य मिलता है। वहीं, शाम को दीपदान करने से यम देवता प्रसन्न होते हैं। ऐसा करने से हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं।

# ट्रेन में सफर के दौरान सुटकेस से आभूषण व दो लाख की चोरी

## शादी समारोह में आ रहे थे परिवार के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्रेन में लखनऊ से यमुनानगर शादी समारोह में भाग लेने आ रहे दुल्हे के परिवार वालों के सुटकेस से सोने के आभूषण व दो लाख की नकदी चोरी हो गए। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि कुछ लोग सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़े थे। आरोपियों ने ट्रेन में सीटों के नीचे रखे सुटकेस बाहर निकलवाने में उनकी सहायता की थी। उन्हीं लोगों ने सुटकेस से आभूषण व नकदी चोरी की है। जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

जानकारी के अनुसार लखनऊ की जानकीपुरम निवासी नितिन आर्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई अरविंद आर्य की शादी यमुनानगर के आनंद रेजिडेंसी में होनी थी।

### लखनऊ से यमुनानगर के लिए ट्रेन में रवाना हुए थे

वह परिवार के सदस्यों के साथ 22 मई को रेलवे स्टेशन लखनऊ से यमुनानगर के लिए ट्रेन में रवाना हुए थे। उनके पास आठ-दस सुटकेस थे। एक सुटकेस में सोने के आभूषण व दो लाख रुपये की नकदी रखी हुई थी। जब वह सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो चार-पांच लोग ट्रेन में उनके डिब्बे में चढ़े। इस दौरान वह सुटकेस निकालने लगे। आरोपी लोगों ने सुटकेस निकलवाने में उनकी सहायता की। जिसके बाद वह यमुनानगर पहुंचकर टैक्सी में सामान रखकर आनंद रेजिडेंसी में आ गए। जब उन्होंने सुटकेस की जांच की तो उसमे से सोने के आभूषण व दो लाख रुपये की नकदी गायब मिली। उसने आरोप लगाया कि सहारनपुर में जिन लोगों ने सुटकेस निकलवाने में उनकी सहायता की थी उन्हीं ने सुटकेस से आभूषण व नकदी चोरी की है। उसने मामले की सूचना जीआरपी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


# दो नाबालिगों का विवाह रूकवाया

## वर व वधु पक्ष ने शपथ पत्र दिया, बालिग होने पर ही करेंगे विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने पानीपत की ईदगाह कालोनी में वीरवार को होने वाला दो नाबालिगों का विवाह रूकवा दिया। गुप्ता ने बुधवार को लड़का और लड़की की उम्र के दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की। जांच में लड़का और लड़की, दोनों ही नाबालिग निकले। जिसके बाद होने वाली शादी को रूकवा दिया गया। बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने दोनों पक्षों के शपथ पत्र लिए। जिसमें लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 साल होने तक शादी नहीं करने की बात लिखवाई गई है।

- दोनों पक्षों के अशिक्षित होने के कारण विवाह कानून की जानकारी नहीं थी



इधर, प्रोटेक्शन ऑफिसर रजनी गुप्ता ने बताया कि उनके पास छह मई को सूचना मिली थी कि ईदगाह कॉलोनी में 10 मई को एक नाबालिग लड़की की शादी होनी है। इसके बाद लड़की की मां को फोन पर संपर्क किया और महिला थाने में बुलाया गया। इसके बाद लड़का पक्ष को भी बुलाया गया। लड़का पक्ष सोनीपत जिले के गोहाना का रहने वाला है, वर पक्ष भी कार्यालय पहुंचा। इधर, जांच में लड़की की 13 साल और लड़के की उम्र 16 साल मिली। लड़का फेरी लगाने का काम करता है। दोनों पक्षों को विवाह संबंधी कानून की जानकारी थी, इसके चलते यह विवाह तय हुआ था। वही, दोनों पक्षों को विवाह संबंधी कानून की जानकारी दी, जबकि दोनों पक्ष ने कानून के तहत विवाह करने संबंधी शपथ पत्र दिए है।

### पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया

**पानीपत।** पानीपत की चौटाला रोड पर धर्मकांटे के पास ट्रक चालक रमेश से मारपीट कर लूट करने व पानीपत के कुलदीप नगर निवासी नरेंद्र के घर से मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों सचिन पुत्र किशनलाल व सुनील पुत्र जसबीर निवासी गांव बाय जिला सोनीपत को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने समालखा में भापरा मोड़ से गिरफ्तार किया।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में रमेश पुत्र पूरनाराम निवासी रजापुर चुरू राजस्थान की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। जबकि चोरी की वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में नरेंद्र पुत्र रणधीर निवासी कुलदीप नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# कंपनी में निवेश करने के नाम पर धोखाधड़ी, 8 माह में ही योजना बंद

## निवेशकों की शिकायत पर कंपनी अधिकारियों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ड्रोन बनाने वाली कंपनी में निवेश का झांसा देकर निवेशकों से कंपनी के मालिकों, पार्टनर व अधिकारियों ने लाखों रुपये का चूना लग गया। कंपनी की तरफ से निवेश को लेकर 5 साल के प्लान का एग्रीमेंट दिया गया लेकिन बाद में 8 माह में प्लान बंद कर दिया गया। चित्रा शर्मा की शिकायत पर आरोही मलिक उर्फ अंजलि, संजीव देशवाल, धर्मपाल मोंगा के खिलाफ धोखाधड़ी एवं विश्वासघात का केस दर्ज किया है। चित्रा शर्मा, पूनम शर्मा, सचिन कुमार, गुरप्रीत सिंह, कमल सिंह, गुरसेवक सिंह, संजय कुमार, गुरप्रीत सिंह, गुरविंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार गुप्ता, राजविंद्र कौर आदि निवेशकों ने पुलिस को शिकायत की थी। चित्रा शर्मा ने पुलिस शिकायत में कहा कि 2022 में उसे अपने एक जानकार के माध्यम से डीवीएस वेंचर के निवेश प्लान बारे पता चला था। कंपनी बारे बताया गया कि यह कंपनी ड्रोन बनाकर सरकार को लीज पर देगी। जिसके लिए कंपनी को निवेश की आवश्यकता है। इस प्लान के अनुसार उसने अपने गहनों को गिरवी रखकर कंपनी में 9,90,232 रुपये निवेश किए। कंपनी ने ये प्लान 5 वर्षों के लिए बताया था। कंपनी की तरफ से एक एग्रीमेंट भी दिया गया था। प्लान को आरोही मलिक उर्फ अंजलि और संजीव देशवाल के द्वारा मात्र 8 माह में बंद कर दिया गया। प्लान के तहत जुड़े सभी निवेशकों को देहरादून के ऑफिस में बुलाकर चेक दिए गए। बाद में ये चेक बाउंस हो गए।

- निवेशकों को देहरादून के ऑफिस में बुलाकर चेक दिए गए जो बाउंस हो गए

# जेलों में बंद कैदियों में शिक्षा की अलख जगा रहा है इग्नू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया की इग्नू हरियाणा की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़कर उनमें शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही है। जो कैदी 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए जेलों में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) द्वारा अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए हैं। अगर कोई बंदी जो स्नातक या किसी अन्य उच्च पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहा है तो जेल में उसके कार्यकाल के दौरान उसकी पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था इग्नू द्वारा निःशुल्क की जाती है।बंदी अपने जीवन के अंधेरे को शिक्षा की रोशनी से दूर करने प्रयास कर रहे हैं। अपराधियों के भविष्य को संवारने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के तहत शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि अपराधी जेल में बिताए समय का सदुपयोग कर सकें। पिछले तीन वर्षों में हरियाणा की विभिन्न जेलों में अभी तक कुल 792 बंदियों द्वारा सफलतापूर्वक उच्च शिक्षा प्राप्त करने की तरफ अपने कदम बढ़ाये हैं

- पिछले तीन वर्षों में कुल 792 बंदियों ने इग्नू की दूरस्थ शिक्षा को चुना: डॉ धर्म पाल

# सर्व कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को नगर के शर्मा टेंट हाउस चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नगर में आए हुए अंबाला लोकसभा प्रत्याशी वरुण चौधरी को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगों को पूरा करवाए जाने की मांग की।

- लंबे अर्से से लंबित पड़ी मांगों का कोई हल नहीं निकाले जाने से रोष

बुधवार सुबह सर्व कर्मचारी संघ के सैंकड़ो सदस्य जिला प्रधान महिपाल सौदे के नेतृत्व में नगर के शर्मा टेंट हाउस चौक पर एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद वह रोष जुलूस निकालते हुए नगर में आए हुए अंबाला लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी से मिले और उन्हें अपनी 15 सूत्रीय मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मौके पर संघ के जिला प्रधान महिपाल सौदे, गुलशन भारद्वाज, राकेश धनखड़ व प्रेम प्रकाश आदि ने चौधरी को बताया कि उनकी लंबे अर्से से मांगे लंबित पड़ी हैं। जिनका अभी तक कोई हल नहीं निकल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने की कोई नीति नहीं बनाई गई है। वहीं, पुरानी पेंशन भी बहाल नहीं की गई है। इसके अलावा सरकारी विभागों का निजीकरण करके पक्के सरकारी पदों को समाप्त करने का काम किया जा रहा है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लाखों की संख्या में कच्चे कर्मचारियों की भर्ती करके पक्का इंतजाम किया जा रहा है। सरकारी विभागों में खाली पडे. लगभग तीन लाख पदों पर पक्की भर्ती नही की जा रही है। वहीं, पक्के कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा के नाम पर उपचार करवाने के लिए बीमा कंपनियों को ठेका दिया जा रहा है। हर कच्चे व पक्के कर्मचारियों को उनको मिलने वाली हर सुविधा से वंचित रखने की लगातार कोशिश की जा रही है।




यमुनानगर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य।

मौके पर वरूण चौधरी ने कर्मचारी नेताओं को उनकी सभी समस्याओं को दूर करवाए जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर रिटायर्ड संघ जिला सचिव जोत सिंह, सतीश कुमार, किशोर कुमार, राजबीर सिंह, रमेश, कमल, सुरेंद्र, राम नरेश व विक्की पारचा आदि मौजूद रहे।

# परिजनों की हत्या की धमकी देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में एक किशोर ने अपनी दो किशोरी मित्रों के साथ मिल कर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वही, आरोपियों ने पीड़ित लकड़ी की अश्वलील तस्वीरें भी ली। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसके पड़ोस में उसकी मां की भांजी व उसकी सहेली रहती है। फरवरी में दोनों लड़कियों ने पास में ही रहने वाले लड़के साथ मित्रता करने का दबाव बनाते हुए चेतावनी दी कि यदि उसने लड़के के साथ दोस्ती नहीं की तो वह उसकी व उसके परिजनों की हत्या कर देगा। इधर, हत्या की धमकी से डरी किशोरी, दोनों लडकियों के दबाव में आ गई व पीड़ित लड़की ने अपने परिजनों के खाने में नींद की गोली मिलाई। परिजनों के सोनें पर लड़की देर रात, दोनों किशोरियों के साथ अपने घर के पीछे एक खाली प्लाट में चली गई। यहां आरोपी पहले से ही मौजूद था। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और अपनी साथी लड़कियों के साथ मिल कर उसकी अश्लील फोटो खींची और वायरल कर दी। इधर, पीड़ित लड़की ने साहस दिखाकर किसी तरह आपबीती परिवार वालों को बताई। वही, परिजनों ने इस मामले की शिकायत पर पुलिस से की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी व इसकी सहयोग लड़कियां भी नाबालिग, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

## अक्षय तृतीया का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्त्व

# धूमधाम से मनाई जाएगी अक्षय तीज: डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कॉस्मिक एस्ट्रो ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड़ पिपली के डायरेक्टर व श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के अध्यक्ष डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षर तृतीया या अक्षय तीज कहा जाता है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, किंतु वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्तो में मानी गई है। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है,सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। इस दिन श्री बद्रीनाथ की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है और श्रीलक्ष्मी नारायण के दर्शन किए जाते हैं।



- सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ

### बद्रीनारायण के कपाट इसी तिथि से पुनः खुलते

प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनः खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मन्दिर में भी केवल इसी दिन श्रीविग्रह के चरण दर्शन होते है, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढके रहते है। इसी दिन महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था और द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। इस बार अक्षय तृतीया पर धन योग, गजकेसरी योग, शुक्रादित्य योग, रवि योग, शश योग और सुकर्मा योग का निर्माण होगा, जो कि अति शुभ संयोग माना जा रहा है।

### अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय तृतीया का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य जैसे गृह-प्रवेश, वस्त्र-आभूषणों की खरीददारी या घर, भूखंड, वाहन आदि की खरीददारी से संबंधित कार्य किए जा सकते हैं क नवीन वस्त्र, आभूषण आदि धारण करने और नई संस्था, समाज आदि की स्थापना या उद्घाटन का कार्य श्रेष्ठ माना जाता है। पुराणों में लिखा है कि इस दिन पितरों को किया गया तर्पण तथा पिंडदान अथवा किसी और प्रकार का दान, अक्षय फल प्रदान करता है। इस दिन गंगा स्नान ,कुम्भ स्नान करने से तथा भगवत पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। इस दिन किया गया जप, तप, हवन, स्वाध्याय और दान भी अक्षय हो जाता है। इस बार अक्षय तृतीया को रोहिणी योग 10 मई 2024 शुक्रवार को प्रातः 10 बजकर 46 तक मिन्ट तक है। तृतीया तिथि का प्रारम्भ 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगा और समापन 11 मई को रात 2 बजकर 50 मिनट पर होगा।

# साइबर ठगों ने बैंक डिटेल हासिल कर अकाउंट से निकाले 91713 हजार रुपये

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

साइबर ठगों ने मॉडल कॉलोनी निवासी रितिक से बातों में उलझा कर बैंक डिटेल हासिल कर उसके अकाउंट से 91713 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रितिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने छह मई को इंस्टाग्राम आईडी पर अपनी बहन के लिए सूट आर्डर किया था। उसने इंस्टाग्राम आईडी पर दिए मोबाइल नंबर पर 1200 रुपये की ऑनलाइन पेमेंट कर दी। इसके बाद आरोपी व्यक्ति ने उसे ट्रेकिंग कोड देने के लिए बोला। लेकिन ट्रूरेकिंग कोड नहीं आया। जब उसने आरोपी से फोन पर बात की तो उसने कहा कि दो सूटों का और आर्डर करना पड़ेगा। मगर उसने सूट लेने से मना कर दिया। जब उसने आरोपी को पेमेंट वापस करने के लिए कहा तो आरोपी ने कहा कि अभी सर्वर डाउन है। थोड़ी देर में मैनेजर आपसे बात करेगा। 10 मिनट बाद उसके मोबाइल पर फोन आया। आरोपी ने उससे कहा कि वह उसके अकाउंट में एक रुपया भेज रहा है। वह अपने अकाउंट की डिटेल उसे दे दो। जब उसने अपने अकाउंट की डिटेल दी तो उसके अकाउंट से चार बार में 91713 रुपये कट गए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- ंस्टाग्राम आईडी पर अपनी बहन के लिए सूट आर्डर किया था

## खबर संक्षेप



### राजपूत समाज ने सरपंचों को भेंट किए स्मृति चिन्ह

करनाल। आज गांव नगला फार्म में पंजाबी राजपूत महासभा की कार्यकारणी की मीटिंग बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता सभा प्रधान प्रवीण राणा और नगला फार्म के सरपंच सुधीर भट्टी ने की। मंच संचालन सुशील पंवार कुंजपुरा ने किया। इस मौके पर पहुंचे सभा के सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया एवं राजपूत समाज के प्रमुख गणमाण्य व्यक्तियों को पारणा भेंट किया गया। राजपूत समाज के सरपंचों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहिदिनपुर सरपंच सुधीर राणा, नगला फार्म के सरपंच सुधीर भट्टी, गंगा राम सरपंच चुंडीपुर आदि रहे।

### पीएम श्री कुंजपुरा स्कूल का रहा शानदार परिणाम

करनाल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का सत्र 2023-24 का 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य सतबीर सिंह ने बताया कि 12वीं कक्षा में कुल 106 विद्यार्थियों में से 42 विद्यार्थी मैरिट में और 51 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल का मान बढ़ाया है। शानदार परीक्षा परिणाम पर सभी अध्यापकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के गौरव ने 94.2 प्रतिशत और सिमरन ने 93.7 प्रतिशत तथा आरजू ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### इंद्री में लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

इंद्री। हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सेवाएं करनाल द्वारा उपमंडल न्यायालय परिसर इंद्री में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल की सचिव एवं सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने बताया कि 11 मई को आयोजित उपमंडल इंद्री के न्यायिक परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में क्षमा योग्य अपराधिक मामले, नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के तहत धारा 138 के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी केस, पारिवारिक मामले, लेबर डिस्प्यूट केस, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली व पानी के बिल सम्बंधी मामले, सेवा मामले, राजस्व मामलों के अलावा अन्य दीवानी मामलों का निपटारा दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर किया जाएगा।

### पंजाब नेशनल बैंक ने वाटर कूलर भेंट किया

करनाल। दी करनाल कोआपरेटिव शुगर मिल में पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से पानी पीने के लिये वाटर कूलर भेंट किया गया। जिसमे हितेंदर कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर शुगर मिल करनाल और पंजाब नेशनल बैंक करनाल की तरफ से मंडल प्रमुख जगजीत सिंह और अग्रणी बैंक प्रबंधक सुशील कुमार हन्दुजा और जी टी रोड शाखा के चीफ मेनेजर व सुगर मिल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पंजाब नेशनल बैंक की टीम ने शुगर मिल के करमचरियो को सरकार दवारा चलाई जा रही सोशल सिक्यूरिटी स्कीमें बताई।

### एलईडी स्क्रीन पर वोटर हेल्पलाइन एप के बारे किया जा रहा है जागरूक

# अपनी ताकत को पहचानो चलो करें हम सब मतदान

प्रशासन ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लोकसभा क्षेत्र में लगाए फ्लैक्स, 100 फीसदी मतदान करवाने के लक्ष्य को पूरा करने का होगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

अपनी ताकत को पहचानो, चलो करें हम सब मतदान, छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए, मतदान केंद्र पर मतदान करके आइए, लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर...। जैसे स्लोगन मतदाताओं को 25 मई के दिन वोट डालने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जी हां, जिला प्रशासन की तरफ से करनाल लोकसभा क्षेत्र में लगभग सभी सार्वजनिक स्थलों पर फ्लैक्स लगाए गए हैं। इतना ही नहीं, शहर में अलग-अलग जगहों पर लगी एलईडी स्क्रीन भी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह तमाम स्वीप गतिविधियां उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह की देखरेख में चल रही हैं। सभी का प्रयास है कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाया जा सके।स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं एडीसी अखिल पिलानी ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 25 मई को होगा। चुनाव में मतदान करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर में लगी हुई एलईडी स्क्रीन पर वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में तथा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। अगर मतदाता का वोटर आईडी कार्ड कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप अपने फोन में प्ले स्टोर के माध्यम से अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल कार्ड को डाउनलोड करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर विजिट करें। नए यूजर को अपने आपको रजिस्टर करना होगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। फिर ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड का विकल्प सामने होगा।


लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगाई गई एलईडी स्क्रीन।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार राजकीय उच्च विद्यालय तखाना में विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया गया। विश्व थैलेसीमिया दिवस राजकीय उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल सुशील कुमार व सोमनाथ संस्कृत अध्यापक के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तमन्ना अर्श काउंसलर ने बच्चों को बताया कि थैलेसीमिया खून से जुड़ी एक अनुवांशिक बीमारी है जो माता-पिता से बच्चों तक पहुंचती है। इस बीमारी में व्यक्ति के शरीर में हीमोग्लोबिन बनना बंद हो जाता है। ऐसे में दुनिया भर के लोगों में इस बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष हमारे देश में 10000 से अधिक बच्चे थैलेसीमिया के साथ गंभीर रूप से पैदा होते हैं। इस बीमारी से शरीर में हीमोग्लोबिन और स्वास्थ्य लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने की क्षमता को प्रभावित करता है द्य पैदा होने वाले बच्चों के माता-पिता दोनों थैलेसीमिया करियर हो तो बच्चे को मेजर थॅलेसेमी हो सकता है। स्कूल मे बच्चों को बताया गया कि थैलेसीमिया का इलाज व बचाव के लिए काफी भारी रक्त और दवाइयां की आवश्यकता होती है। ऐसे में सही समय से इलाज न करवाने से बच्चों के जीवन को आगे चलकर खतरा हो सकता है।



तरावड़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों की टीम स्कूल स्टाफ व बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ब्रह्मकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय में भेजा गेंहू का ट्रक

तरावड़ी। हर वर्ष की भांति तरावड़ी अनाज मंडी से ब्रह्मकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय माउॅट आबू राजस्थान आश्रम मे गेंहू भेजा जाता है। आज भी इसी कड़ी मे तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती ऐसोसिएशन की ओर से प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय तरावड़ी द्वारा नई अनाज मंडी के आढ़ती भाइयों के सहयोग से दस टन 8 क्विंटल गेहूं से भरा एक ट्रक ब्रह्मकुमारी आश्रम माउंट आबू के लिए मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता व नगरपालिका चैयरमेन वीरेन्द्र बंसल ने झंडी देकर रवाना किया गया। तरावड़ी सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी सुदेश बहन ने कहा कि सभी भाइयों के सहयोग से प्रतिवर्ष अनाज परमात्मा की सेवा में आश्रम में जाता है। जिसमें सभी आढ़ती भाई बड़े उमंग व उत्साह के साथ सहयोग करते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल भाई ने कहा कि परमात्मा की सेवा मानवता की सेवा सर्वोपरि है। हम सभी को धर्म-कर्म के कार्यों से बढ़कर प्रयास करके पुण्य जमा करना चाहिए। अग्रवाल फूड्स के सुरेश सिंगला अनेक वर्षों से इस संस्था से जुड़े हुए हैं।


तरावड़ी। अनाज मंडी मे आढ़ती भाई व आश्रम संचालिका सुदेश बहन ट्रक को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# गावों में लोगों से मिल रहे समर्थन से अभिभूत हूं : मनोहर लाल खट्टर

- झंझाड़ी शामगढ़ से जाते समय गांव तखाना तरावड़ी जी टी रोड़ पर लोगों से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर ने आज इस विधानसभा के गांव झंझाडी से लेकर गांव समाना बाहु तक करीब दर्जन भर गांवों का दौरा कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने तथा करनाल लोकसभा से भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु आह्वान किया। इस रोड शो के दौरान विधायक हरविंद्र कल्याण व भाजपा नेता भगवान दास कबीरपंथी सहित अमर नाथ सौदा, शिव नाथ कपूर, जय भगवान सीकरी, मीना चौहान, सुभाष चंद्र, जगदेव पाढा, प्रवीण गुप्ता,महीपाल राणा,राजबीर शर्मा, कर्मवीर शर्मा, बलबीर मराठा, नवीन कपूर, सतनाम आहुजा, बाल किशन शामगढ, देवेंद्र कामरा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल थे। मनोहर लाल खट्टर ने मोदी जी को भारत ही नहीं अपितु विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताते करिश्माई नेता बताया। कहा कि भारत के अति पिछडे वर्ग को सम्मान दिलाने का काम किया है।


तरावड़ी। जी टी रोड़ पर भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर का स्वागत करते लोग।

## सेवक के रूप में लोगों की समस्याओं का समाधान किया: मनोहर लाल



नीलोखेड़ी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार सुबह करनाल लोकसभा क्षेत्र के नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा पर निकले। इस दौरान दर्जन भर गांव में जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र को कवर किया। लोगों में अपने नेता से मिलने की होड़ लगी रही। पूर्व मुख्यमंत्री ने अनेक गांवों में लोगों से सीधा संवाद करते हुए मोदी सरकार और हरियाणा सरकार की अनेक योजनाएं गिनाई। मनोहर लाल ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए हरियाणा की सभी 11 सीटों पर कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। नीलोखेड़ी मे उमड़ी भीड़ इस बात का सूचक थी कि लोगों के मन में मनोहर लाल के प्रति प्रेम है। आखिर प्रेम हो भी क्यों नहीं करीब डेढ़ साल पहले 6 सितंबर 2022 को मनोहर लाल ने नीलोखेड़ी की दशकों पुरानी मांग इसे उपमंडल का दर्जा देने का काम किया था। आज सुबह शुरू हुई यह जनसंपर्क यात्रा वंदे मातरम, भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी तथा मनोहर लाल जिंदाबाद के नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान कर रही थी। इस अवसर पर भाजपा नेता तथा घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण और पिछले चुनाव में यहां से भाजपा के प्रत्याशी रहे भगवान दास कबीरपंथी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक वह हरियाणा में लोगों की सेवा कर रहे थे लेकिन नरेंद्र मोदी ने अब उन्हें दिल्ली बुला लिया है। वह जो भी उन्हें दायित्व सौंपेंगे, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि दिल्ली में रहकर भी वह इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे।

### मदर्स डे पर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

करनाल। हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों में निपुण मिशन कार्यक्रम के तहत लेखन कुशलता को बढ़ाने के उद्देश्य से मदर्स डे पर जिला करनाल के सभी राजकीय स्कूलों के बच्चों द्वारा अपनी माता-दादी को पत्र लिखा जाएगा। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने बताया कि यह विभाग का एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि पत्र लेखन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अध्यापक पत्र को सीखाने से लेकर पत्र पोस्ट करवाने तक की गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। पत्र लेखन कार्यक्रम 7 मई से लेकर 12 मई तक चलेगा। जिला कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम कि मॉनिटरिंग के लिए कलस्टर स्तर पर टीम बनाई गई है जो प्रत्येक विद्यालय में जाकर पत्र लेखन गतिविधि को जांचने का कार्य करेगी।

# संकल्प के साथ मनाया विश्व रेडक्रास दिवस समारोह

- सर्वप्रथम रेडक्रॉस गान व क्लैप के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया
- छात्राओं को मानवता को जिंदा रखें, विषय पर शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में भारतीय रेड क्रास सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा और युवा रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों और आदर्शों का पालन करते हुए युवा रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस समारोह का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस के मानवीय आदर्शों को समर्पित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम रेडक्रॉस गान व क्लैप के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत रेडक्रास के दृष्टिदाता सर हेनरी डयूनेंट को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में डा. मंजू सिंह विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र ने छात्राओं को मानवता को जिंदा रखें, विषय पर शपथ दिलवाई। डा. मंजू सिंह ने छात्राओं को रेडक्रॉस आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। रेडक्रॉस यूनिट की संयोजिका डा. दीप्ति शर्मा ने रेडक्रॉस के इतिहास व सिद्धांतों के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। रेड रिबन क्लब की संयोजिका डा. पूनम कुंडु ने छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक कुरीतियों का सामना करने के लिए जागरूक किया। मानवता को जागरूक रखें विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रक्तदान अनिवार्य या ऐच्छिक विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुमारी रजनी बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिया बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रही। वाद विवाद प्रतियोगिता में सर्वोत्तम वक्ता कुमारी सिया बीसीए प्रथम वर्ष रही, जबकि विषय के विपक्ष में कुमारी हरप्रीत बीए प्रथम वर्ष सर्वोत्तम वक्ता रही। इस अवसर पर विभिन्न बैनरों की सहायता से रेडक्रॉस की विषय वस्तु को प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में डा. सुषमा ठाकुर, सुनीत भंडारी, डा. संगीता गौरांग, डा. सुमन व डा. स्वाति शर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में डा. शिवांगी ने सभी प्राध्यापिकाओं व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।



करनाल। विश्व रेडक्रास दिवस कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

# छात्रों को रेडक्रॉस का महत्व बताया

- रेडक्रॉस से मिलती आदर्श और स्वस्थ जीवन जीने की शिक्षा : गुरशरण ग्रेवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वल्ड रेड क्रॉस दिवस पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को उपयोगी जानकारी देकर किया साथ ही उसके उद्देश्य के बारे में बताया गया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि रेड क्रॉस दिवस एक महत्वपूर्ण घटना है जो एक दूसरे के प्रति दयालु होने के महत्व को दोहराती है। रेड क्रॉस प्रथम विश्व युद्ध के बाद विश्व शांति में योगदान करने की एक पहल, दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए पेश की गई थी। विश्व रेड क्रॉस दिवस पूरे विश्व में शांति का संदेश देता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्कूल में शिक्षिकाओं की सहायता से प्राथमिक चिकित्सा बक्से बनाए, और उनके उपयोग के विषय में जानकारी दी गई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने कहा कि दुनिया भर में स्वयंसेवकों और कर्मचारियों की बहादुरी और उपलब्धियों का जश्न मनाने का समय है। विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य उन्हें जीवन रक्षक और जीवन बदलने वाली सेवाएं सुनिश्चित करना हैं और महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित करने में सहायता सकती है जो उन्हें एक सर्वांगीण व्यक्ति बनने में मदद करेगी। रेड क्रॉस एक ऐसा मंच है जहां विद्यार्थी लोगों के कल्याण के लिए अपनी प्रतिभा, कौशल, ज्ञान, क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। इसका उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना और मानव के प्रति सम्मान सुनिश्चित करना है। मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



तरावड़ी। स्कूल मे बनाये गए प्राथमिक चिकित्सा बाक्स के साथ छात्र।

### स्कूली बच्चों को अपराधों के प्रति किया जागरूक

घरौंडा। पुलिस अधीक्षक करनाल श्री दीपक सहारन भा.पु.से. के निर्देशानुसार कार्य करते हुए करनाल पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता ने सरस्वती स्कूल व हिमालय स्कूल चोरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विघालय बड़सत में विघार्थीयों को महिला विरूद्व अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। स्कूली छात्राओं को बताया गया कि महिलाओं को क्या-क्या अधिकार प्राप्त हैं और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कौन-कौन से कानून बनाए गए हैं, उनके विषय में विस्तार से बताया गया। महिलाओं के हित के लिए कानून बनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सार्थक भागीदारी का समर्थन करना, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंनें विघार्थीयों को बताया कि डायल 112 केवल आपातकालीन सहायता के लिए है।


इंद्री के गांव खेड़ा मे रोड निकालते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इंद्री हल्के के कई गांवो मे निकाला रोड शो

इंद्री। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इंद्री हल्के के खेड़ा, पटहेड़ा, राजेपुर, भौजी, कलसौरा, गढ़ीबीरबल सहित कई अन्य गांवों में रोड़ शो कर वोट की अपील की। इस मौके पर काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे। इंद्री विधानसभा के गांव खेड़ा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने रोड़ शो की शुरूआत की। गांव खेड़ा में पहुंचनें पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप व अन्य नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने उपस्थित गांववासियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में विकास की उंचाईयों को छूआ है।

### विकास योजनाओं के दम पर जीतेगी भाजपा

करनाल। प्रदेश में चुनावी सरगर्मियों ने तेजी पकड़ ली है। भारतीय जनता पार्टी पिछले साढ़े 9 सालों में प्रदेश हुए विकास और बिना खर्ची व बिना पर्ची के नाम पर जनता के बीच जाकर वोट मांग रही है। भाजपा नेता विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि विपक्ष के पास जनता के बीच ले जाने को कुछ नहीं है और जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल और प्रदेश में भाजपा सरकार के साढ़े 9 वर्षो का कार्यकाल देख चुकी है और अब जनता राष्ट्रहित में मतदान करेगी और केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

### वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग ने शुरू की अनूठी पहल

# मतदान के बाद सैल्फी अपलोड कर जीतो इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर एक नई पहल की शुरूआत की गई है, जिसमें मतदान के दिन वोट करने के बाद मतदाताओं की अंगुली पर लगी नीली स्याही के साथ ज्यादा से ज्यादा सेल्फी अपलोड कर ड्रॉ में भाग लिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भावी मतदाताओं अर्थात स्कूली बच्चों को अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है। लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों में शुरू की गई नई कवायद के तहत बच्चों को जोड़ा जाएगा जिससे मतदान के दिन बच्चे अभिभावकों की अंगुली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, इन सभी सेल्फी को बच्चे पोर्टल पर अपलोड कर जिला स्तर पर निकाले जाने वाले ड्रॉ के तहत 2500 से 10 हजार रुपए तक के नकद पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह स्कूल के विद्यार्थी भी इस पहल के साथ जुड़ सकते हैं, इसमें जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए http://www.ceoharyana.gov.in/ पोर्टल पर एक लिंक बनाया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। मतदान के दिन प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी।

#### चल रहे कई कार्यक्रम: उपायुक्त



लोकसभा चुनाव-2024 के प्रति मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व नामक लोगो जारी किया है। शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप अभियान भी निरंतर जारी है। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे मतदान से पहले ज्यादा से ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूलों में बने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करवाएं ताकि मतदान प्रणाली को बच्चे अच्छी तरह से समझ सकें।

#### पुरस्कार राशि

मतदान कर अंगुली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड कर जीत सकते हैं 10 हजार रुपये तक का पुरस्कार, सबसे ज्यादा सेल्फी अपलोड करने वाले विद्यार्थियों के स्कूल को मिलेगा 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण शिविर का तीसरे बैच का समापन

**पानीपत।** सभी शिक्षकों के द्वारा सबसे पहले मूर्त रूप में शिक्षा देनी चाहिए उसके बाद अमूर्त रूप में शिक्षा देनी चाहिए ताकि बच्चे आसानी से समझ सके। इससे बच्चा आसानी से समझ सकेगा और उसकी पकड़ भी मजबूत बनेगी। उक्त बातें डीईओ बिजेंद्र नरवाल ने प्रशिक्षण शिविर के तीसरे बैच के समापन समारोह पर राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में कही।

### अंतराष्ट्रीय पाइट क्वेस्ट का आयोजन

**पानीपत।** पाइट में अंतर राजकीय बहुतकनीकी की अंतराष्ट्रीय पाइट क्वेस्ट का आयोजन किया गया। वही, प्रतियोगिता में कई राज्यों के छात्र व छात्राओ ने भाग लिया, जिसमे महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी की संस्थान गांव जाटल, जिला पानीपत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के छात्र अंकित ने प्रथम और आशीष ने चौथा स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए अंकित को 295200/- की छात्रवृत्ति और लैपटॉप से पुरस्कृत किया गया और आशीष को 29520 की छात्रवृत्ति व एक एचपी प्रिंटर से पुरस्कृत किया गया।

### हर मतदाता वोटिंग करें : उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। इसलिए हर मतदाता को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का उपयोग करना चाहिए।

### जेवर चोरी करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने बिंझौल गांव में विकास के घर से जेवर व नगदी चोरी करने के आरोपी सोनू पुत्र लाल बाबू निवासी बतरा कॉलोनी को पीपल मंडी से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना माडल टाउन में विकास निवासी गांव बिंझौल की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### दो लड़कों ने महिला से जेवन छीने

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में नए बस स्टैंड के पास पुल के नीचे सुनीता निवासी गांव सिवाह दो अनाज लड़कों ने गुमराह कर उसके जेवर लूट लिए। इधर, सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में सुनीता ने बताया कि वह सात मई को सिविल अस्पताल से दवाई लेकर ऑटो रिक्शा में सवार होकर गांव सिवाह बस अड्डा पर उतर कर पैदल अपने घर जा रही थी। जब वह बस स्टैंड के पुल के पास पहुंची, यहां उसके साथ वारदात हुई। पुलिस ने दो अज्ञात लोगों पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार चोरी, अंदर रखे थे 50 हजार रुपये

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाडौला निवासी बाबू राम का गांव में ही सीएनजी पंप है। वहीं बाबू राम ने अपनी नई महेंद्र एक्सयूवी गाड़ी को खाली प्लाट में खडा किया था। रात को अज्ञात लोगों ने उसकी कार चोरी कर ली। गाड़ी के भीतर 50 हजार रुपये कैश भी रखा था। जबकि पास में ही बाबू राम की दूसरी कार खडी थी, इस के साथ चोरों ने कोई छेड़छाड़ नहीं की।

### गुरूद्वारे में चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम सनौली रोड पर स्थित टिकाणा लऊ वाला गुरूद्वारा के दानपात्र से नगदी चोरी करने वाले दूसरे आरोपी सन्नी उर्फ गंगोइया निवासी राज कॉलोनी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह ने बताया कि चोरी के इस मामले के खुलासे के लिए आरोपी सन्नी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। वही, चोरी की वारदात बारे थाना किला में गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार केसर सिह निवासी साई बाबा चौक की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

## आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया

# अपने भीतर सेवा का भाव प्रबल करें हर विद्यार्थी :आर्य

**ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद व विश्व रेड क्रॉस दिवस के जन्मदाता हेनरी डुनेट को याद किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत संचालित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा में बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं हिंदुस्तान स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने की मुख्य अतिथि मेहताब मलिक कोषाध्यक्ष रहे और वशिष्ठ अतिथि निंबरी गांव के सरपंच मनोज मलिक रहे। वही, मनीष कक्षा 12वीं ने योगासन करके दिखाएं। वही, आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए मनाया जाता है कि युद्ध में सैनिकों को अथवा आपातकालीन समय अथवा महामारी आदि में सभी की सहायता की जाए हमारे साधु संत और महापुरुषों ने सदैव ही दूसरों की सेवा करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि महर्षि देव दयानंद यही संदेश देते हैं कि मानव को दूसरे मानव की सहायता करनी चाहिए। वही, हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव विनोद वत्स ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड हमारे राज्य सचिव की देखरेख में कार्य में करती है और हिंदुस्तान और स्काउट गाइड आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल इंचार्ज जगदीश चहल के नेतृत्व में अनुशासित एवं नियमित रुप से कार्य कर रही है। इस अवसर पर इस अवसर पर ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद व विश्व रेड क्रॉस दिवस के जन्मदाता हेनरी डुनेट को याद किया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

---

# कबड्डी में डाहर व धनसौली की टीमें विजेता

- गांव डाहर में आयोजित हुई जिला स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत जिला स्तरीय कबड्डी सब जूनियर प्रतियोगिता के विजेता, अतिथियों के साथ।

हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में नंबरदार खेल समिति द्वारा मंगलवार को गांव डाहर में जिला स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता लड़कों व लड़कियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लड़कियों में गांव डाहर की टीम प्रथम, राजाखेडी की टीम द्वितीय व गांव हड़ताडी व बुडशाम की टीमें तीसरे स्थान पर रही। जबकि लड़कों में गांव धनसौली की टीम प्रथम, नौल्था की टीम द्वितीय व गांव बापौली व बुडशाम की टीमें तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव धर्मबीर मलिक, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र अहलावत, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक, पानीपत निजी स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधान महिपाल सूबेदार, समाजसेवी प्रदीप देशवाल व यशपाल अहलावत अहलावत ने बतौर अतिथि शिरकत की और विजेता प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थानों पर रही टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। जबकि नंबरदार खेल समिति द्वारा कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव धर्मबीर मलिक को गद्दा और अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रणबीर नंबरदार, कृष्ण नांदल व कर्मबीर आदि मौजूद रहे।

---



## पौधे रोप कर मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस क्लब के अंतर्गत पौधारोपण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजू अबरोल ने की और संचालन रेडक्रॉस प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रो. दलजीत कुमार ने किया। प्रो.दलजीत कुमार ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इको क्लब और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में हर्बल बॉटनिकल गार्डन में नवदम्पति एमए द्वितीय वर्ष इतिहास का छात्र विजय और एमए द्वितीय वर्ष अर्थशास्त्र की छात्रा मोनिका के हाथों लसोडा का पौधा रोपित गया। इस दौरान डॉ.सरोज चौहान, डॉ.बृजेश बराड़, डॉ. सोनिया दहिया, डॉ.तकदीर सिंह, पालेराम, राकेश, अनिल माली सहित 20 से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## एमएएसडी स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** एमएएसडी स्कूल में स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है तथा स्वस्थ शरीर ही जीवन की असली पूंजी है को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हेतु एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी-अपनी समस्याएं बताकर स्वास्थ्य जांच करवाई। स्कूल की प्रधानाचार्या बबीता भारद्वाज ने सभी को समझाते हुए कहा कि आजकल की जीवनशैली से ऊपजी चुनौतियों में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है। ऐसे में बच्चों से लेकर बड़ों तक को स्वास्थ्य जांच समय-समय पर करवाते रहना चाहिए ताकि आपको शरीर में पनप रही किसी भी बीमारी का शुरूआती चरण में ही पता चल सके।

---

# साइबर अपराधों के विरूद्ध जनता को जागरूक किया

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा बुधवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर व स्कूल, कॉलेज में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराध व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। जिला में साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने बताया कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं।


पानीपत। साइबर क्राइम के विरूद्ध लोगों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

खुद को ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी जागरूकता व सतर्कता है। किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। उन्होंने बताया कि अक्सर इंटरनेट यूजर को ऐसे ईमेल और मैसेज आते रहते हैं, जिन पर अनजान लिंक मौजूद होते हैं। ऐसे मे हमें इन ईमेल और मैसेज से सावधान रहना चाहिए और हमें इन ईमेल और मैसेज मे मौजूद अनजान लिंक पर कभी भी क्लिक नहीं करना चाहिए। कभी भी किसी भी वेबसाइट को विजिट करते समय सबसे पहले एचटीटीपीएस पर ध्यान देना चाहिए।

---

# डीपीएस पानीपत सिटी में मनाया मदर्स डे

- बच्चों की माताओं एवं ग्रैंड मदर्स ने विद्यालय के प्रांगण में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


डीपीएस पानीपत सिटी में माताओं को सम्मानित करते हुए विद्यार्थी व आयोजक ।

डीपीएस पानीपत सिटी में बुधवार को मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों की माताओं एवं ग्रैंड मदर्स ने विद्यालय के प्रांगण में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी माताओं का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज सेविका एवं गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल में निदेशक के रूप में कार्यरत कमलेश गुलाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। आभा विषाद व पूनम नेगी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अध्यापिका मंच संचालिका हरनीत शर्मा व मोनिका मारवा ने सभी माताओं को मार्गदर्शक बताते हुए उनका अभिनंदन किया। माताओं एवं ग्रैंड मदर्स के लिए रैंप वॉक जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं सभी माताओं के लिए मेंहदी एवं नेल आर्ट के स्टॉल भी लगाए गए।

---

## प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का बढ़ता है मनोबल



**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आज सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से मानचित्र भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने किया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से दसवीं तक के लगभग 350 छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने कहा कि जीवन में मानचित्र छोटे-से-छोटे स्थान से लेकर पूरे विश्व की भौगोलिक एवं अज्ञात स्थान की जानकारी के लिए मार्गदर्शक और दिग्दर्शक का काम करता है। ऐसा मेरा मानना है। प्रधानाचार्या विनीता तोमर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यापक सुनील राणा, महेंद्र सिंह कादियान, कविता मलिक, कनिका शर्मा, पूजा बतरा, सुनीता कुंडू और मंजू गुप्ता मौजूद रहे।

---

# भगवान का स्वरूप बन जाता है रक्तदाता : डॉ. दहिया

- रिबन काटकर व रक्तदाताओं को बैज लगाकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान व मतदान की शपथ दिलवाते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया। फोटो :हरिभूमि

रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूनॉट के जन्मदिवस विश्व रेडक्रास दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें उपायुक्त एंव प्रधानए जिला रेडक्रास सोसाईटी डा.विरेन्द्र कुमार दहिया मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि डा.विरेन्द्र दहिया ने ने कहा कि भगवान का स्वरूप बन जाता है रक्तदाता रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूनॉट की फोटो पर पुष्प अर्पित किए और द्वीप प्रज्वलन किया। वहीं रिबन काटकर व रक्तदाताओं को बैज लगाकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की शुरूआत की। रेडक्रास दिवस पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी का मतदान करने व अन्य लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने बारे शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर रेडक्रास सचिव गौरव रामकरण, प्रिंसिपल आईबी कालेज डा.अजय कुमार गर्ग, डा.पूजा सिंघल रक्त बैंक अधिकारी, हैल्प ऐज ओरफन से मनन सिंघला व गगनदीप सिंह, लांयन्स यूथ क्लब के पदाधिकारी, रोटरी क्लब के पदाधिकारी, हरमेश चन्द जिला प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पदाधिकारीगण, समाजसेवी व रेडक्रास के कांउसलर तथा स्वंयसेवक मौजूद रहे।

डीसी ने डा.अजय कुमार गर्ग द्वारा अपने माता-पिता की याद में रेडक्रास को भेंट किए गए वाटर कूलर को आमजन हेतु समर्पित किया। मुख्य अतिथि ने एक विशाल मतदाता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

## तीन लाख एमटी गेहूं की आवक

**पानीपत।** पानीपत जिला की मंडियों में गेहूं की आवक दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 319040 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 295717 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 37281 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 114411 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 1010582 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4764 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपये प्रति किवंटल पर की जा रही है।

## रक्तदान करना हर नागरिक का कर्तव्य


पानीपत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कादियान, रक्तदाओं को बैज लगाते हुए।

**पानीपत।** स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी व पानीपत जिला बार एसोसिएशन द्वारा डिस्ट्रक्टि कोर्ट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया हुआ, जो की सिविल हॉस्पिटल पानीपत में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए उपयोग किया जाएगा। इधर, डिस्ट्रक्टि जज सुरेश कुमार ने कहा की यदि शरीर में अधिक मात्रा में खून की कमी हो जाए तो लोगों को घातक बीमारियां हो जाती हैं और उनकी मृत्यु भी हो जाती है। इस प्रकार, हम देखते हैं कि कैसे रक्तदान वस्तुतः जीवन-रक्षक है जो लोगों की मदद करता है। यह मानवता का भी प्रतीक है जो जाति, पंथ, धर्म आदि से परे लोगों को एकजुट करता है। अन्तोदय ऑफिसर जयपन सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है। पानीपत बार के प्रधान अमित कादियान ने कहा कि रक्तदान करने से मानव का हृदय, शुगर, ब्लडप्रेशर, मोटापे आदि रोगों से बचाव होता है। इसके मद्देनजर हर स्वस्थ्य नागरिक को साल में तीन बार रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर विपुल धीमान, राहुल कुमार, विनय मलिक, ऋतु रेवड़ी, देवी, रजत, बबीता कादियान, पंकज शर्मा, विशाल सेठ, रविदर रावल, मोहित आदि उपस्थित रहे।

---

**कार्यक्रम** एसडी कॉलेज में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे को मानव सेवा के साथ मनाया

# सद्भावना का प्रतीक है रेड क्रॉस: डॉ अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करते हुए प्राचार्य डा .अनुपम अरोड़ा।

एसडी पीजी कॉलेज में वर्ल्ड रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट डे को मानव सेवा के जज्बे के साथ मनाया गया। कॉलेज वाईआरसी की अगुआई में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 60 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और मानव सेवा की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय संस्था में मन से कार्य करने की शपथ उठाई। उनके साथ एनएसएस स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा वाईआरसी काउंसिलर डॉ. पवन कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश गर्ग और प्रो. मनोज ने की। आकर्षण का केंद्र प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा का वक्तव्य रहा जिसने एनएसएस और वाईआरसी कार्यकताअरं को खूब प्रेरित किया और उनमें नए जोश का संचार किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसका थीम हम जो कुछ भी करते हैं वह दिल से होता है। जिसमे प्रतिभागियों ने रंग.बिरंगे पोस्टर्स बनाए। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने सभी कार्यकताअरं को निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा करने की शपथ दिलाई। वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के अवसर पर कॉलेज में वृक्षारोपण कर विभिन्न किस्मों के पौधे भी लगाए गए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम सौरभ बीकॉम तृतीय, द्वितीय भारती बीए तृतीय, तृतीय खुशी बीकॉम तृतीय रहे। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि जब भी किसी देश में कोई मुसीबत या परेशानी आती है तो उस देश की सरकार के द्वारा बचाव कार्य करके लोगों की जान बचाई जाती है। रेड क्रॉस भी ऐसे ही लोगों की सहायता करती है। रेड क्रॉस संस्था लोगों के खाने-पीने, चिकित्सा और उनके रहने की व्यवस्था करती है। इस अवसर पर डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, प्रो.इंदु पूनिया, दीपक मित्तल व चिराग सिंगला आदि उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी इसराना जिला पानीपत।**

1. श्रीमति पुनम देवी पत्नी सन्दीप पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत।

......प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री किशन पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 2. विक्रम सिंह पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 3. सुभाष चन्द पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 4. संजय कुमार पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, निवासी गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत।

........उत्तरवादीगण

प्रार्थीया ने एक दावा बाबत किये जाने तकसीम भूमि खेवट न.7/ /7, खतौनी न.12, रैक्ट न.57 किला न. 12(7-7), कुल किते 1 कुल रकबा 7 कनाल 7 मरले स्थित ग्राम काबडी तहसील व जिला पानीपत बरूवे जमाबन्दी साल 2019-20 उपरोक्त विषय पर आपको भेजकर लिखा जाता है कि प्रार्थीया ने एक दावा बाबत तकसीम भूमि स्थित गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत इस न्यायालय में दायर किया है। इस न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस भेजने उपरान्त भी उत्तरवादीगण की तामील ना हो रही है। अतः इस इश्तहार के तहत उत्तरवादीगण, व उनके वारसान को सूचित किया जाता है उत्तरवादीगण उक्त अपने मुकदमा में निश्चित तारीख पेशी 16/05/24 को असालतन या वकालतन निम्न हस्ताक्षरी के न्यायलय में हाजिर आकर अपने मुकदमा की पैवरी करे व अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समय पर उत्तरवादीगण के न्यायालय में हाजिर ना होने पर उनके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 25/05/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर सहित जारी हुआ। दावा की प्रति साथ संलग्न है।

तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी इसराना जिला पानीपत।**

1. श्रीमति पुनम देवी पत्नी सन्दीप पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत।

......प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री किशन पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 2. विक्रम सिंह पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 3. सुभाष चन्द पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 4. संजय कुमार पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 5. सतबीर पुत्र औम प्रकाश पुत्र भरता, 6. सुनील पुत्र औम प्रकाश पुत्र भरता, 7. श्रीमति तारो देवी विधवा औम प्रकाश पुत्र भरता राम निवासी गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत।

......उत्तरवादीगण

प्रार्थीया ने एक दावा बाबत किये जाने तकसीम भूमि खेवट न.6, खतौनी न.10, रैक्ट न.10 किला न. 16(1-8), 25/1 (5-0), रैक्ट नं.14 किला नं.13 (8-0), खतौनी नं.11 रैक्ट नं.57 किला नं.13 (7-19), 18/1 (1-16) कुल किते 5 कुल रकबा 24 कनाल 3 मरले स्थित ग्राम काबडी तहसील व जिला पानीपत बरूवे जमाबन्दी साल 2019-20

उपरोक्त विषय पर आपको भेजकर लिखा जाता है कि प्रार्थीया ने एक दावा बाबत तकसीम भूमि स्थित गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत इस न्यायालय में दायर किया है। इस न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस भेजने उपरान्त भी उत्तरवादीगण की तामील ना हो रही है। अतः इस इश्तहार के तहत उत्तरवादीगण, व उनके वारसान को सूचित किया जाता है उत्तरवादीगण उक्त अपने मुकदमा में निश्चित तारीख पेशी 16/05/24 को असालतन या वकालतन निम्न हस्ताक्षरी के न्यायलय में हाजिर आकर अपने मुकदमा की पैवरी करे व अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समय पर उत्तरवादीगण के न्यायालय में हाजिर ना होने पर उनके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 25/05/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर सहित जारी हुआ। दावा की प्रति साथ संलग्न है।

तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी इसराना जिला पानीपत।**

1. श्रीमति पुनम देवी पत्नी सन्दीप पुत्र महेन्द्र सिंह 2.संदीप पुत्र महेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह 3. अमित पुत्र महेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह, 4. श्रीमति संतोष देवी विधवा महेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत।

.......प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री किशन पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 2. विक्रम सिंह पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 3. सुभाष चन्द पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, 4. संजय कुमार पुत्र धर्मपाल पुत्र भरत सिंह, निवासी गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत।

.......उत्तरवादीगण

प्रार्थीगण ने एक दावा बाबत किये जाने तकसीम भूमि खेवट न.8/ /8, खतौनी न.13, रेक्ट न.14 किला न. 18(7-7)कुल किते 1 कुल रकबा 7 कनाल 7 मरले स्थित ग्राम काबडी तहसील व जिला पानीपत बरूवे जमाबन्दी साल 2019-20.

उपरोक्त विषय पर आपको भेजकर लिखा जाता है कि प्रार्थीगण ने एक दावा बाबत तकसीम भूमि स्थित गांव काबडी तहसील व जिला पानीपत इस न्यायालय में दायर किया है। इस न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस भेजने उपरान्त भी उत्तरवादीगण की तामील ना हो रही है। अतः इस इश्तहार के तहत उत्तरवादीगण व उनके वारसान को सूचित किया जाता है उत्तरवादीगण उक्त अपने मुकदमा में निश्चित तारीख पेशी 16/05/24 को असालतन या वकालतन निम्न हस्ताक्षरी के न्यायलय में हाजिर आकर अपने मुकदमा की पैवरी करे व अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समय पर उत्तरवादीगण के न्यायालय में हाजिर ना होने पर उनके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह नोटिस बाचत इश्तहार आज दिनांक 25/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर सहित जारी हुआ। दावा की प्रति साथ संलग्न है।

तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, पानीपत।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज मारपीट कर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ सिकंदर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 25 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 मार्च 2024 को आरोपी लोकेश ने उसके घर में घुस कर उस पर हमला कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज अधिकृत कंपनी के धार्मिक कार्यक्रमों का बिना अनुमति के धोखाधड़ी से प्रसारण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजीत सिंह को शामिल जांच किया। परिवादी कुलदीप सिंह ने 29 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 नवंबर 2023 से 29 मार्च 2024 के दौरान किसी ने उसकी अधिकृत कंपनी के धार्मिक कार्यक्रमों का बिना अनुमति के धोखाधड़ी से प्रसारण करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी के मामले में महिला शामिल जांच

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को शामिल जांच किया है। बोह के भोला ने 24 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2023 से 15 नवंबर 2023 के दौरान आरोपी महिला व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### आईएसबीटी दिल्ली तक बस चलाने की मांग

**बराड़ा।** परिवहन मंत्री असीम गोयल से ग्रामीणों ने बराड़ा से आईएसबीटी दिल्ली तक बस चलाए जाने की मांग की है। यहां के रहने वाले आशीष गर्ग, ज्ञान चंद, अमरनाथ, गुलशन, अनिल, हर्ष, शंटी ने एक कार्यक्रम में अपना मांग पत्र दिया। उन्होंने कहा कि उपमंडल के आस-पास के काफी गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी व विद्यार्थी दिल्ली आते-जाते हैं लेकिन बराड़ा से दिल्ली तक की सीधी बस न होने के कारण लोगों को परेशानी होती है इसलिए लोगों की सुविधा को देखते हुए से सीधी आईएसबीटी दिल्ली तक रोडवेज बस चलाई जाए ताकि स्थानीय लोगों को फायदा हो सके।

### दो युवकों ने महिला से 52 हजार रुपये छीने

**जींद।** गांव दबलैन निवासी रामरति ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी के साथ नरवाना बैंक में किश्त जमा करने जा रही थी। बेची गई भैंस की राशि 52 हजार रुपये उसने थैले में डाली हुई थी। जब वह बालाजी अस्पताल के पास पहुंची तो पीछे से आए बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसका थैला छीन लिया और एसडी स्कूल की तरफ फरार हो गए। लोगों ने बाइक सवार युवकों का पीछा भी किया लेकिन उनका सुराग नहीं लगा।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव की तैयारियों को लेकर दिए जरूरी निर्देश

# अवैध शराब और कैश की जांच में तेजी लाए टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान अवैध शराब और अवैध कैश को पकड़ने के लिए आने वाले दिनों में लगातार तेज अभियान चलाया जाए। इस काम में कार्यरत स्टेटिक सर्विलांस टीम बारीकी से जांच करें। इसके साथ-साथ दूसरे राज्यों के साथ लगती सीमाओं पर भी जांच अभियान भी तेज किया जाए और चुनाव के दौरान इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी मुस्तैदी से रोक लगाई जाए। डीसी डॉ. शालीन बुधवार को कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के दौरान बोल रहे थे।

- 14 को 10 पोलिंग बूथ पर वेबकॉस्टिंग का होगा ट्रायल रन

इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) को सप्ताह में एक बार बीएलओ की बैठक लेने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था और रैंप आदि की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डॉ. शालीन ने कहा कि 14 मई को वेबकॉस्टिंग का 11 बजे ट्रायल रन होगा। यह ट्रायल रन 10 पोलिंग बूथ पर किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी एआरओ को अपने क्षेत्र के 10 पोलिंग बूथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने मतगणना के दिन स्कैनिंग व मतगणना करने के लिए रिजर्व स्टॉफ की ड्यूटी भी जल्द से जल्द लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप पर जो भी आमजन शिकायत कर रहे हैं। एआरओ उनका तत्काल निवारण करें। शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाए और उससे जुड़े फोटो आदि भी अपलोड किए जाएं। उन्होंने सभी एआरओ को सब डिविजन अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी के एसएमओ से बैठक कर चुनाव के दिन सभी अस्पतालों में स्टॉफ की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अंबाला छावनी सत्येन्द्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ यश जालुका, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, सचिव आरटीए सुशील कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, डीईओ सुरेश कुमार, डीईईओ सुधीर कालड़ा, तहसीलदार चुनाव संदीप कुमार मौजूद रहे।



अंबाला। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वीसी के दौरान मौजूद जिला के प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## प्रचार के दौरान उम्मीदवार समाज को बांटने का काम न करें

- निर्वाचन अधिकारी ने जारी की उम्मीदवारों के लिए हिदायतें

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के लिए जारी चुनावी शेड्यूल के अनुसार चुनाव के छठे चरण में हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव के दौरान पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम न किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया न जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर बगैर मकान मालिक की अनुमति के झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि न चिपकाएं जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिह्नित स्थानों पर ही वॉल पेंटिंग की जा सकती है। अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलांस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी निगरानी रखेंगी और बड़ी जनसभा व चुनाव कार्यालयों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इसलिए प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च का विवरण समय पर चुनाव कार्यालय में जमा करवाएं। एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 95 लाख तक की राशि का खर्च कर सकता है। जो उम्मीदवार चुनाव के खर्च की जानकारी उपलब्ध नहीं करवाता है तो उसे चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

### रोड शो के लिए लेनी होगी परमिशन

अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि अंबाला लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। डॉ. शालीन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा।

## वैश्य समाज ने परिवहन मंत्री को किया सम्मानित

- जैन स्थानक में सम्मान समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

जैन स्थानक में अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल के राज्य मंत्री बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें अग्रवाल वैश्य समाज , एसएस जैन सभा व वैश्य युवा सभा द्वारा राज्य परिवहन मंत्री असीम गोयल को सम्मानित किया गया । लोगों ने राज्य मंत्री का माल्यार्पण कर,पगड़ी पहना,शाल उढ़ाकर सम्मान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा व पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अग्रवाल वैश्य समाज प्रधान अशोक जैन ने कहा कि असीम गोयल को मंत्री पद देकर वैश्य समाज को गर्वमयी पल दिए हैं। वैश्य समाज ने मानव जाति के उत्थान के साथ ही देश के उत्थान में अमूल्य योगदान दिया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि असीम गोयल ने समाज द्वारा दिए सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक युग के आगमन के बाद जिस समुदाय ने राष्ट्रहित के लिए हर क्षेत्र में योगदान दिया है। वह वैश्य समुदाय है। वैश्य समाज के महापुरुषों ने अपने जीवनकाल में एक माला की तरह पूरे समाज को जोड़ने का कार्य किया है। वैश्य समाज देश की प्रगति के पथ को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करता है। देश की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित रहने पर जोर दिया। बिना संगठित हुए किसी समाज का भला नहीं हो सकता। मौके पर प्रधान अशोक जैन, प्रवक्ता श्रीपाल जैन,जेके गोयल, अशोक जैन, नवीन गुप्ता , राम मूर्ति जैन ,नवीन जैन ,उमेश जैन, प्रवेश सिंगला, अशोक मित्तल, रविंद्र, वरुण गुप्ता , अशोक गोयल, जग्गू जैन, संजय बंसल, दविंद्र गोयल, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।



मुलाना। राज्यमंत्री असीम गोयल को सम्मानित करते हुए।

## चुनावी रंजिश को लेकर सरपंच पर चाकू से हमला

**अंबाला।** सरपंच पर चाकू से हमला हो गया। चाकू सरपंच की छाती पर लगा है जिसके बाद सरपंच को अस्पताल में भर्ती कराया गया। विवाद चुनावी रंजिश से जुड़ा हुआ है। मामला शहजादपुर पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गांव कोड़वा खुर्द का है। गांव कोड़वा खुर्द के सरपंच साहब सिंह ने बताया कि गांव में नाले की सफाई चल रही थी। वह नाले की सफाई को देखने के लिए ही गांव की दूसरी और गया था। पूर्व सरपंच, उसके बेटे, भाई व भतीजे ने चाकू से हमला बोल दिया। छूरी उसकी छाती में दिल के पास लगी। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गया। सरपंच साहब सिंह ने बताया कि आरोपियों ने हत्या करने के इरादे से ही दिल के पास चाकू से वार किया है। पंचायती चुनाव के समय से ही आरोपियों के साथ रंजिश चली हुई है। आरोपी पहले भी कई तरह की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

## पोस्टर व भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

- नेशनल कॉलेज में रेडक्रॉस दिवस पर छात्रों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ,प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कर किया ।इसके उपरांत कॉलेज प्रांगण में पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त ने कहा कि यह दिन एक विशेष महत्व का दिन है क्योंकि इस दिन ही यूथ रेड क्रॉस की विश्व में स्थापना हुई थी । प्राचार्य ने यूथ रेड क्रॉस के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि मानव का सबसे बड़ा धर्म दूसरे व्यक्तियों की सेवा करना और सहयोग प्रदान करना है ,इसलिए हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम इस पावन कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और साथ ही अन्य लोगों को भी इस सहयोगात्मक भावना के लिए प्रेरित करें। हमें रक्तदान, स्वच्छता, प्राथमिक सहायता के लिए भी तत्पर रहना चाहिए जिससे दूसरे व्यक्तियों के जीवन की रक्षा की जा सके ।इसी श्रृंखला में उन्होंने यूथ रेड क्रॉस के संयोजक, डॉ राकेश कुमार और अन्य स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि जीएमएन कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस सोसायटी बेहद ही सराहनीय कार्य कर रही है। इस सत्र में उन्होंने तीन रक्तदान शिविर, दो स्वास्थ्य कैंप और विद्यार्थियों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया, क्योंकि जीएमएन कॉलेज विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ मानवीय भावना और गुणो को विकसित करने के लिए वचनबद्ध है ।इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



अंबाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

## सिंगापुर भेजने के नाम पर 2.70 लाख की ठगी

**अंबाला।** युवक को सिंगापुर भेजने के नाम पर 2.70 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। करनाल के एजेंट ने रुपए लेकर उसे फर्जी वीजा और टिकट थमा दी। जांच कराई तो पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अंबाला कैंट की बैंक कॉलोनी के प्रेम वाही ने बताया कि उसने सिंगापुर से होटल मैनेजमेंट का डिप्लोमा किया हुआ है। वह 12वीं के बाद 26 अगस्त 2022 को स्टडी वीजा पर सिंगापुर गया था। वहां से 1 अप्रैल 2023 से वापस भारत आ गया था। मई, 2023 में वर्क वीजा पर दोबारा सिंगापुर गया था। उसके बाद में 1 सितंबर 2023 को वापस भारत आया। शिकायतकर्ता ने बताया कि सिंगापुर के एक स्टूडेंट का वॉट्सऐप ग्रुप बना हुआ था, जिसमें वर्क वीजा आदि के बारे में सभी अपडेट डालते थे। उस ग्रुप में करनाल निवासी अजीत सिंह भी था। जो सिंगापुर वर्क वीजा के लिए अपना परमिट डालता रहता था। उसने वापस भारत आने के बाद अक्टूबर 2023 में अजीत सिंह से अपने वर्क वीजा बारे बात की। आरोपी ने 3.60 लाख रुपए में सिंगापुर का वर्क वीजा देने की बात कही। 20 हजार रुपए एडवांस में ले लिए। उसके बाद अजीत ने कहा कि उसका करनाल वाला ऑफिस बंद हो गया है। उसे नोएडा ऑफिस में बुलाया। वह संदीप उर्फ धर्मेंद्र नाम के व्यक्ति से मिला। जिसने उससे केवल मेरा पासपोर्ट लिया। 6 नवंबर 2023 को संदीप ने मैसेज किया कि आपका वर्क वीजा आ गया है। उससे बकाया पेमेंट मांगी। उसने 2.25 लाख रुपए संदीप के पास भेज दिए। इसके बाद फिर 20 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर किए। आरोपी ने उसके पास वीजा के पेपर भेजे, लेकिन जांच में पता चला कि वह वीजा फर्जी है। उसने टिकट के बारे में भी पूछताछ की तो पता चला कि यह टिकट किसी कपिल नाम के व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है, जोकि नवंबर, 2023 से कैंसिल है। आरोपियों ने उसके साथ धोखाधड़ी की। जब उसने आरोपियों के खिलाफ अंबाला पुलिस को शिकायत सौंपी तो आरोपी ने चौकी पहुंच 20 हजार रुपए वापस कर दिए, लेकिन उसके 2.70 लाख रुपए वापस नहीं लौटाए।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थियों ने पांच स्कूलों का किया मुआयना

- पोस्टर व स्लोगन लेखन में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग , स्लोगन लेखन और भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

इस दौरान कॉलेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान, प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता, रेड क्रॉस कार्यक्रम के संचालक जगबीर सिंह एवं बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने टीम बनाई। इस टीम ने खंड के 5 स्कूलों का दौरा किया जिसमें एसएमएस स्कूल , गार्गी स्कूल, विश्वकर्मा हाई स्कूल सोहना ,सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, सांई अकादमी अधोया का भ्रमण किया। टीम सदस्यों ने स्कूलों के स्टूडेंट्स को समाज से जुड़े अनेक विषयों के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के अध्यापक जगबीर सिंह ने कहा कि हेनरी डोनेट का जन्म 8 मई 1828 को स्विट्जरलैंड में हुआ था। प्रत्येक वर्ष 8 मई को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष 8 मई को हैनरी डोनेट के मानवता के प्रति किए गए कार्यों को याद किया जाता है। रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य विश्व में मानवता का संदेश देना है।




अंबाला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

## वृद्धा के कानों से बालियां झपटकर महिला फरार

**अंबाला।** नारायणगढ़ के वार्ड-3 निवासी 81 वर्षीय लीलावती ने बताया कि वह गत दिवस सुबह 11 बजे अपने घर में बेड पर आराम कर रही थी। उसी समय एक औरत आई, जिसने काला रंग का कुर्ता और गुलाबी रंग की सलवार पहनी हुई थी। उसने कमरे में आकर उसकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर डाल दिया। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी महिला उसके कानों से सोने की बालियां जबरन उतार फरार हो गई। बुजुर्ग महिला ने बताया कि आंखों मे जलन व पीड़ा के कारण उसने शोर मचाया। जब तक पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तब तक महिला भाग निकली। पड़ोसियों ने कॉल करके उसकी बेटियों को इसकी सूचना दी।

## लूट-डकैती के 6 दोषियों को 10-10 साल की कैद

**कैथल।** अतिरिक्त सैशन जज डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने लूट और डकैती के 6 दोषियों को 10-10 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को 60000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सुरजीत सिंह निवासी गांव सोथा ने थाना सदर में 6 जून 2020 को मुकदमा नंबर 155 दर्ज करवाया था। सुखदीप सिंह ने बताया कि सुरजीत सिंह एचडीएफसी बैंक व एटीएम गांव क्योंडक में गार्ड की ड्यूटी पर लगा हुआ था। 5 जून 2020 की रात को वह हर रोज की तरह बैंक व एटीएम की सिक्योरटी में तैनात था। रात करीब 1 बजे एक कार में से पांच युवक उतर कर आए जिनमें से एक लडके के हाथ में पिस्तौल व अन्य के हाथों में तलवार, लोहे के सरिये व राड़ थी। पिस्तौल लिए हुआ युवक उसे पकडकर साथ लगते टैंट हाउस में जबरदस्ती ले गया और उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर जबरदस्ती बैंक की चाबियां व फोन छीन लिया। उन्होंने सुरजीत को दुकान में रखी कुर्सी से रस्सी से बांध दिया। एक युवक उस पर पिस्तौल तानकर खड़ा रहा बाकि सभी बैंक व एटीएम में घुस गए और बैंक में तोडफोड़ करने लगे गए। कुछ समय बाद पुलिस की एक गाड़ी सायरन बजाती हुई बैंक के सामने आई जिससे डरकर पिस्तौल ताना हुआ युवक भाग गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएवी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

# हेड ब्वॉय वेदांत तो मानसी बनी हेड गर्ल

- चयनित विद्यार्थियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

बुधवार को डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से हेड ब्वॉय और हेड गर्ल के चयन के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया । इसमें वेदांत सिवॉच को हेड ब्वॉय और मानसी शर्मा को हेड गर्ल के रूप में चयनित किया गया । चयन के लिए सभी उम्मीदवारों को विभिन्न राउंड से गुजरना पड़ा । इसी प्रकार से दयानंद हाउस की अध्यक्ष सुषमा सैनी,विरजानंद सदन की अध्यक्ष पूजा सैनी ,श्रद्धानंद सदन की अध्यक्ष कनिका और हंसराज सदन की अध्यक्ष मनीषा कालड़ा, निरीक्षक,कैप्टन ,वाइस कैप्टन , डिसिप्लिन इंचार्ज , चारों हाउस के पाठ्यक्रम कैप्टन , सह-पाठ्यक्रम कैप्टन, शैक्षणिक कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन और प्रीफेक्ट की पूरी एक विद्यार्थी परिषद का चयन किया गया ,जिसमें लगभग 80 विद्यार्थी परिषद के सदस्य बनें ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आर .पी.राठी ने विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया । तत्पश्चात उन्हें कर्तव्यनिष्ठता और उत्तरदायित्व की शपथ दिलायी गई । प्राचार्य ने सभी चयनित उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनके पद की जिम्मेदारी से अवगत करवाया और कहा कि उत्तरदायित्व को निभाने से बच्चों में परिपक्वता आती है । उन्होंने बच्चों को विद्यालय के लिए अनुशासन और कर्तव्य का बोध करवाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टीम वर्क ,समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ कार्य करने के लिए वचनबद्ध होना चाहिए ।समारोह का समापन डीएवी गान के साथ किया गया ।



नारायणगढ़। अलंकरण समारोह के लिए चुने गए छात्र।

## सद्दोपर डंपिंग जोन को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- एडीजे कोर्ट में खारिज हो चुकी है याचिका

सद्दोपुर के पास नगर निगम के डंपिंग जोन पर एडीजे के फैसले को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। यह चुनौती एडीजे की कोर्ट से याचिका डिसमिस होने के बाद दी गई है। इसमें कहा गया है कि डंपिंग जोन पर काम करने वाली एजेंसी एनजीटी और हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों पर काम नहीं कर रही है। 7 अगस्त को मामले पर सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता उमेश गर्ग की ओर से दायर याचिका में कहा कि उनकी प्रॉपर्टी डंपिंग जोन के पास है। उनके निरीक्षण करने पर पाया गया कि डंपिंग जोन, जोकि जीटी रोड के किनारे बना है, उसके एक तरफ लगभग डेढ़ फीट का नर्सरी ग्रीन नेट लगा था। डंपिंग जोन के लिए कोई गेट नहीं है और इसकी चारदीवारी भी नहीं बनाई गई है। डंपिंग जोन में बेसहारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए कोई बाड़ नहीं बनाई गई है। जब उन्होंने निरीक्षण किया तो वहां एक जेसीबी मशीन खड़ी थी। वहां खड़े दो ट्रकों पर नंबर प्लेट नहीं थी। गीले और सूखे कचरे और कूड़े के ढेर लगे हुए थे। मौके पर खुले क्षेत्र में भारी मात्रा में सूखा, गीला और बायो-मेडिकल कचरा पड़ा मिला। याचिका में कहा गया कि हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जो पर्यावरण संबंधी सरकारी आदेशों को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है, ने भी डंपिंग जोन में पर्यावरण नियमों की अवहेलना पाई थी।